भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 865

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा पेशेवरों की कमी

865. श्री ईशा खान चौधरी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि देश के अस्पताल कई वर्षों से कर्मचारियों की अत्यधिक कमी का सामना कर रहे हैं और अस्पताल वर्तमान में 12 स्थायी डॉक्टरों और 12 स्थायी नर्सों के अपने मूल कर्मचारियों के1/3 से भी कम के साथ काम कर रहे हैं जहाँ केवल 2 स्थायी डॉक्टर और 2 स्थायी नर्से उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति के कारण काम नहीं कर रहे ऑपरेशन थिएटर को फिर से शुरू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) यूएसजी और ईसीजी सेवाओं को बहाल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है क्योंकि इन मशीनों को संचालित करने के लिए कोई विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है;

(घ) क्षतिग्रस्त चिकित्सा उपकरणों और एक्स-रे मशीन, जिनकी तत्काल मरम्मत या प्रतिस्थापन की आवश्यकता है, को बदलने और मरम्मत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) लैब सेवाओं को बहाल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है क्योंकि कोई लैब तकनीशियन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण अस्पताल में नैदानिक सेवाएं गंभीर रूप से बाधित हो गई हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): 'जन स्वास्थ्य' और 'अस्पताल' राज्य का विषय है, अस्पतालों में पर्याप्त कर्मचारियों की उपलब्धता, नैदानिक सेवाओं की कार्यक्षमता और चिकित्सा उपस्करों के रखरखाव के लिए प्रयास करना प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

जहां तक केंद्र सरकार के अस्पतालों नामतः सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, नजफगढ़ का संबंध है, चिकित्सकों और नर्सों की स्वीकृत क्षमता, भरे हुए पद और रिक्त पदों की स्थिति अनुलग्नक में है।

इसके अतिरिक्त, इन अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के रखरखाव के लिए कर्मचारियों की उपलब्धता कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक सतत प्रक्रिया है। इन अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर, यूएसजी और ईसीजी सेवाएं और लैब सेवाएं उनकी आवश्यकताओं के अनुसार कार्यशील हैं। चिकित्सा उपकरण और एक्स-रे मशीनें संबंधित विनिर्माता जो सेवा करारों के अनुसार गैर-कार्यशील मशीन की मरम्मत करते हैं, के प्राधिकृत एजेंटों के साथ वार्षिक रखरखाव संविदा के तहत हैं

अनुलग्नक

चिकित्सकों और नर्सों की स्वीकृत संख्या, भरे हुए पद और रिक्त पदों का विवरण

अस्पताल का नाम	**चिकित्सकों**			**नर्स**		
	स्वीकृत पद	**भरे हुए पद**	**रिक्त पद**	**स्वीकृत पद**	**भरे हुए पद**	**रिक्त पद**
सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली	631	459	172 (51 संविदा आधार पर भरे गए)	2548	2244	304 (234 संविदा आधार पर भरे गये)
लेडी हार्डिंग मेडकिल कॉलेज और सहबद्ध अस्पताल, नई दिल्ली	383	294	89	1,182	1,003	179
डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली	412	312	100	1559	1460	99
ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, नजफगढ़	46	26	20 (3 आउटसोर्स से)	46	5	41 (14 आउटसोर्स से)

******